# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 05/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Hindustan (Meerut,UP)**

# आरएएफ करेगी घाटी में अमन की बहाली

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

कश्मीर घाटी में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए सुरक्षाबलों का पहुंचना जारी है। मेरठ से भी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108 बटालियन से दो कंपनियां जम्मू कश्मीर भेजी गई हैं। आरएएफ के जवान दंगा नियंत्रण वाहन और इससे जुड़े उपकरणों से लैस होकर वहां भेजे गए हैं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय से शुक्रवार रात आरएएफ से जवान भेजने का आदेश आया। इसके बाद आधी रात ही आरएएफ-108 बटालियन से दो कंपनी (444 जवान) जम्मू कश्मीर भेज दिए गए। शनिवार सुबह इन जवानों ने घाटी में आमद करा दी है। मेरठ में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108वीं बटालियन है। इन जवानों को दंगा नियंत्रण वाहन में भेजा गया है, ताकि किसी भी हालात पर ये काबू पा सकें। आरएएफ की दिल्ली, राजस्थान और पंजाब स्थित बटालियन से भी जवान घाटी में भेजे गए हैं। शांति व्यवस्था बहाल करने में आरएएफ जवानों को सबसे एक्सपर्ट्स माना जाता है।




**विशेष फोर्स है आरएएफ:** रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) विशेष फोर्स है। इसे अक्तूबर 1992 में सीआरपीएफ के अंतर्गत बनाया गया था। इन इकाइयों को दंगा, दंगे जैसी उत्पन्न स्थितियों, समाज में विश्वास पैदा करने और आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के लिए गठित किया गया था। आरएएफ सबसे विश्वसनीय फोर्स है जो बिना समय गंवाए और कम से कम वक्त में पहुंच जाती है। मेरठ आरएएफ के जवान पहले भी शांति व्यवस्था कायम करने के लिए घाटी सहित अन्य महत्वपूर्ण राज्यों में गए हैं।

**सुरक्षा : घाटी में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती**



**Dainik Jagran (Unnao,UP)**

# बिंदास मनायें बकरीद!

## आपकी खुशी में खलल नहीं डाल पाएगा कोई गुण्डा, दहशतगर्द: एएसपी






उन्नाव संवाददाता। बकरीद का त्यौहार शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक एमपी वर्मा के निर्देश पर एएसपी के नेतृत्व में शहर कोतवाल व रैपिड एक्शन फोर्स समेत भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

आगामी बकरीद त्योहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतगत अपर पुलिस अधीक्षक विनोद पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश चन्द्र मिश्रा द्वारा आरएएफ दस्ते व मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गयी। इस दौरान एएसपी विनोद पाण्डेय ने कहा कि बकरीद त्यौहार को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा ऊपर से सख्त आदेश हैं कि त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को बख्शा न जाए।


सड़क पर आरएएफ जवानों के साथ गश्त करते भारी फोर्स को देखकर लोगों ने बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों पर खुशी जाहिर की भ्रष्टाचार के खिलाफ पब्लिक पावर संगठन के जिला उपाध्यक्ष असलम शेख ने कहा बकरीद का त्यौहार लगातार तीन दिनों तक मनाया जाता है। उन्होंने कहा पुलिस की सक्रियता से किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका नहीं है। वहीं शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र ने कहा मुस्लिम बिरादरी के लोग शांति एवं सौहार्द के साथ त्यौहार मनाये। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं प्रमुख स्थानों पर त्यौहार के दौरान पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। शहर के गांधीनगर तिराहा से लेकर छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, छिपियाना, तालिब सरांय, कंजी आदि मोहल्लों में फोर्स ने भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया।

## Nav Bharat Times (Delhi)

# NIT श्रीनगर बेमियादी समय के लिए बंद



## Rastriya Sahara (Delhi)




जम्मू : सूबे के गृह विभाग की अडवाइजरी के बाद शनिवार को रैपिड एक्शन फोर्स की कई कंपनियां जम्मू पहुंच गईं।

**Prabhat Khabar (Deoghar,JKD)**

तैयारी. आइजी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# आपस में लोग बनाये रखें तालमेल कांवरियों को करायें सुलभ जलार्पण

- ड्यूटी में मुस्तैद रखने का दिया गया निर्देश

**संवाददाता** ▷ देवघर

तीसरी सोमवारी को सुलभ जलार्पण व श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संताल परगना प्रक्षेत्र के आइजी रंजीत कुमार प्रसाद ने सूचना भवन सभागार में डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की. आइजी ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में जहां जिनकी ड्यूटी है, कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करें. रूटलाइन पर विशेष निगरानी रखकर कांवरियों को शांतिपूर्वक व सुरक्षित जलार्पण करायें. दूसरी सोमवारी में जहां हल्की कठिनाई हुई हो, उस पर विशेष नजर रखें. पिछली दो सोमवारी की कमियों को दूर कर आपस में समन्वय स्थापित कर कांवरियों को सुलभ जलार्पण करायें. मेला क्षेत्र के ओपी प्रभारी व उसमें प्रतिनियुक्त किसी पुलिसकर्मी की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. उन्होंने कहा कि कर्तव्य स्थल पर पुलिसकर्मी कांवरियों के साथ विनम्र व्यवहार करें.

एसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. मौके पर एसडीपीओ विकास कुमार श्रीवास्तव, मुख्यालय डीएसपी मंगल सिंह जामुदा, साइबर डीएसपी नेहा बाला, रैफ, एनडीआरफ, सीआरपीएफ कमांडेंट व अन्य मौजूद थे.





प्रेस ब्रीफिंग में आइजी रंजीत कुमार प्रसाद, एसपी नरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ व एनडीआरएफ कमांडेंट, मौजूद पुलिस पदाधिकारी.

मंदिर प्रभारी का निर्देश

## सोमवार पट बंद होने तक मंदिर में रहें मुस्तैद

**देवघर.** बाबा मंदिर में सभी कर्मचारियों को सोमवार को पट खुलने से लेकर पट बंद होने तक बाबा मंदिर में पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहकर भक्तों को सुलभ जलार्पण कराने में सक्रिय रहें. बाबा मंदिर प्रभारी अंजनी कुमार दुबे ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया की बाह्य अरघा से लेकर मुख्य अरघा का अधिष्ठापन समय पर हो. कहीं भी परेशानी या समस्या होने पर इससे तुरंत निबटें या वरीय सहायक प्रभारी से मार्ग दर्शन के लिए तुरंत संपर्क करें. लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी.

## शिविरों में अलर्ट मोड में रहें स्वास्थ्यकर्मी



स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी.

**देवघर.** श्रावणी की तीसरी सोमवारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरी तैयारी कर दी गयी है. सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि सभी शिविर प्रभारी को ड्यूटी वाले स्थान पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि गायब मिलने वालों पर कार्रवाई की जायेगी.

मेला को लेकर 12 मोटरसाइकिल हेल्थ यूनिट को मेला क्षेत्र में लगाया गया है. साथ ही कहा कि दूसरे फेज के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी का योगदान नहीं करने पर डॉक्टर व पारा मेडिकल स्टाफ से कार्य लिया जा रहा है. सभी शिविर में दवा, वैक्सिन, स्लाइन समेत अन्य जरूरत के सामान पहुंचा दिये गये हैं. एंबुलेंस समेत अन्य की व्यवस्था कर दी गयी है.

स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर डॉ विरेंद्र प्रसाद व सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार, मेला प्रभारी डॉ सुधिर प्रसाद, डीएलओ डॉ रंजन सिंहा, डॉ दिग्विजय भारद्वाज समेत अन्य देर रात तक सभी शिविर का जांच करते रहे.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।